# अध्याय - 3 अपवाह

## स्मरणीय तथ्य

- भारत की सबसे लंबी नदी गंगा नदी है ।
- भारत में बहने वाली नदियों को दो भागों में बांटा गया है –
  (a) हिमालय से निकलने वाली नदियाँ या उत्तर भारत की नदियाँ
  (b) प्रायद्वीपीय नदियाँ या दक्षिण भारत को नदियाँ।
- गंगा के सहायक नदियों में गंडक कोसी घाघरा महत्वपूर्ण हैं।
- चंबल बेतवा तथा सोन प्रायद्वीपीय नदियाँ यमुना नदी में मिलने के बाद प्रयागराज के समीप गंगा नदी से मिल जाती है।
- प्रायद्वीपीय भारत में मुख्य जल विभाजक का निर्माण पश्चिमी घाट द्वारा होता है।
- प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियाँ महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी, नर्मदा तथा ताप्ती हैं।
- नर्मदा तथा ताप्ती नदी पश्चिम की तरफ बहती है एवं अरब सागर में मिल जाती है।
- गोदावरी नदी को प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी होने के कारण "दक्षिण की गंगा" कहा जाता है।
- नर्मदा तथा ताप्ती नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करती बल्कि ज्वारनदमुख बनाती है।
- वुलर झील मीठे पानी की सबसे बड़ी झील तथा सांभर झील खारे पानी की सबसे बड़ी झील है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. पृथ्वी का कितना प्रतिशत हिस्सा पानी से ढंका है?**
a. 50% b. 25%
c. 71% d. 31%

**2. नदियों द्वारा अपरदन की क्रिया किस भाग में तेजी से होती है ?**
a. ऊपरी भाग b. पिछले भाग
c. मध्य भाग d. इनमें से कोई नहीं।।

**3. गोखुर झील का निर्माण नदी की किस अवस्था में ज्यादातर होता है?**
a. निचले भाग b. ऊपरी भाग
c. मध्य d. इनमें से कोई नहीं।।

**4. निम्न में से कौन प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषता नहीं है?**
a. प्रायद्वीपीय नदियाँ मौसमी होती है।
b. प्रायद्वीपीय नदियों की लंबाई कम होती है।
c. प्रायद्वीपीय नदियाँ छिछली होती हैं।
d. प्रायद्वीपीय नदियाँ सदानीरा होती है।

**5. हिमालय से निकलने वाली नदियों की विशेषता नहीं है-**
a. यह नदियाँ सदानीरा होती है।
b. यह नदियाँ लंबी होती है।
c. यह नदियाँ गहरी होती है।
d. यह नदियाँ मौसमी होती है।

**6. सिंधु नदी का उद्गम स्थल है-**
a. मानसरोवर झील b. गंगोत्री
c. यमुनोत्री d. इनमें से कोई नहीं।।

**7. भारत के किस भाग में गंगा मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है?**
a. हरिद्वार b. प्रयागराज
c. कानपुर d. पटना

**8. गंगा नदी का उद्गम स्थल कहां है?**
a. मानसरोवर झील b. यमुनोत्री
c. गंगोत्री d. इनमें से कोई नहीं।।

**9. नमामि गंगे परियोजना का क्या लक्ष्य नहीं है?**
a. गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करना।
b. गंगा नदी का संरक्षण करना।
c. गंगा नदी का कायाकल्प करना ।
d. गंगा नदी के अपवाह क्षेत्र को परिवर्तित।

**10. गंगा नदी अंततः कहां गिरती है ?**
a. बंगाल की खाड़ी b. अरब सागर
c. हिंद महासागर d. इनमें से कोई नहीं।।

**11. गंगा नदी की लंबाई कितनी है ?**
a. 1500 किलोमीटर b. 2500 किलोमीटर
c. 3000 किलोमीटर d. 3500 किलोमीटर

**12. दिहांग के नाम से किस नदी को जाना जाता है?**
a. गंगा नदी b. यमुना नदी।
c. सरस्वती नदी d. ब्रह्मपुत्र नदी

**13. ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में किस नाम से जाना जाता है?**
a. सांगपो b. यमुना
c. जमुना d. इनमें से कोई नहीं।।

**14. ब्रह्मपुत्र नदी को पश्चिम बंगाल में किस नाम से जाना जाता है?**

a. यमुना b. जमुना
c. सांगपो d. इनमें से कोई नहीं।।

**15. नर्मदा नदी किस राज्य में बहती है?**

a. उत्तर प्रदेश b. मध्य प्रदेश
c. उत्तराखंड d. छत्तीसगढ़

**16. पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में प्रमुख जल विभाजक किसे कहा जाता है?**

a. पश्चिमी घाट b. पूर्वी घाट
c. नीलगिरी d. विंध्याचल पर्वत

**17. किस नदी को दक्षिण की गंगा भी कहा जाता है?**

a. गंगा नदी b. यमुना नदी
c. नर्मदा नदी d. गोदावरी नदी

**18. नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है**

a. गंगोत्री हिमनद b. यमुनोत्री हिमनद
c. गोदावरी हिमनद d. अमरकंटक

**19. ताप्ती नदी का उद्गम स्थल है -**

a. अमरकंटक b. सतपुड़ा के शृंखलाएं
c. गंगोत्री हिमनद d. यमुनोत्री

**20. प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदी नहीं है-**

a. महानदी b. गोदावरी
c. कृष्णा d. गंगा नदी

**21. पश्चिमी घाट की अवस्थिति कैसी है ?**

a. पश्चिम से पूर्व b. पूर्व से पश्चिम
c. उत्तर से दक्षिण d. दक्षिण से पश्चिम

**22. कौन सी प्रायद्वीपीय नदी डेल्टा नहीं बनती है ?**

a. नर्मदा b. गोदावरी
c. कृष्णा d. कावेरी

**23. कौन सी नदी ज्वार नद मुख का निर्माण करती है?**

a. गोदावरी b. ताप्ती
c. दामोदर d. कृष्णा

**24. नदिया अपने मुहाने पर किस स्थलाकृति का निर्माण करती है?**

a. झरना b. गोखुर झील
c. डेल्टा d. इनमें से कोई नहीं।

**25. कौन सी दो नदियाँ पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है?**

a. कृष्णा और कावेरी b. गोदावरी और गंगा।
c. नर्मदा और ताप्ती d. इनमें से कोई नहीं।

**26. नर्मदा नदी द्वारा निर्मित जलप्रपात है-**

a. धुआंधार जलप्रपात b. शिवसमुद्रम जलप्रपात
c. जोग जलप्रापत d. गोकक जलप्रपात

**27. दिहांग, दिबांग, लोहित, नदियों को मिला कर कहा जाता है –**

a. गंगा नदी b. ब्रह्मपुत्र नदी
c. यमुना नदी d. इनमें से कोई नहीं।।

**28. विश्व की सबसे बड़ी अपवाह द्रोणी किस नदी की है?**

a. गंगा नदी b. अमेज़न नदी
c. यमुना नदी d. ब्रह्मपुत्र नदी

**29. नदियों द्वारा डेल्टा का निर्माण किस भाग में होता है?**

a. ऊपरी भाग b. मध्य भाग
c. निचले भाग d. इनमें से कोई नहीं।।

**30. निम्न में से प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषताएं हैं -**

a. प्रायद्वीपीय नदियाँ मौसमी होती है।
b. प्रायद्वीपीय नदियाँ वर्ष पर निर्भर होती है।
c. लंबाई कम होती है।
d. उपर्युक्त सभी।

**31. हिमालयी नदियों की विशेषताएं हैं -**

a. इनमें सालो भर पानी होता है।
b. यह नदियाँ लंबी होती है।
c. यह नदिया गहरी होती है।
d. उपर्युक्त सभी।

**32. निम्न में से कौन सी नदी विश्व की लंबी नदी में एक है?**

a. सिंधु नदी b. गंगा नदी
c. यमुना नदी d. कावेरी

**33. सिंधु नदी की लंबाई कितनी है?**

a. 2500 किलोमीटर b. 2900 किलोमीटर
c. 3000 किलोमीटर d. 3500 किलोमीटर

**34. समुद्र में विलीन होने के पूर्व गंगा और ब्रह्मपुत्र की संयुक्त धारा को क्या कहते हैं?**

a. मेघना b. जमुना
c. लोहित d. दिहांग

**35. सुंदरबन का डेल्टा किस राज्य में स्थित है ?**

a. बिहार b. पश्चिम बंगाल
c. उत्तर प्रदेश d. असम

**36. सुंदरबन के बारे में कौन सी विशेषताएं सही है?**

a. उसका नाम सुंदरी वृक्ष के नाम पर पड़ा है।
b. यह विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा है।
c. यहाँ के जंगलों में रॉयल बंगाल टाइगर पाए जाते हैं ।
d. उपर्युक्त सभी।

**37. ब्रह्मपुत्र नदी किस राज्य से भारत में प्रवेश करती है?**

a. आंध्र प्रदेश b. असम
c. अरुणाचल प्रदेश d. मेघालय

**38. सांभर झील किस राज्य में अवस्थित है?**

a. जम्मू कश्मीर b. राजस्थान
c. तमिलनाडु d. असम

**39. सांभर झील किस प्रकार की झील है?**

a. मीठे पानी की झील b. खारे पानी की झील
c. काले पानी की झील d. इनमें से कोई नहीं।

**40. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन सी है**

a. डल झील b. सांभर झील
d. भीमताल d. बुलर झील

**41. निम्न में से कौन खारे पानी की झील है?**

a. डल झील b. भीमताल झील
c. सांभर झील d. वूलर झील

**42. इनमें से कौन सी झील भूगर्भीय से बनी है झील है**

a. डल झील b. भीमताल झील
c. लोकताल झील d. वुलर झील

**43. वुलर झील किस राज्य में है?**

a. जम्मू कश्मीर b. राजस्थान
c. मणिपुर d. उत्तराखंड

**44. लोकतक झील किस राज्य में है?**

a. मणिपुर b. मिजोरम
c. असम d. मेघालय

**45. भीमताल झील किस राज्य में अवस्थित है?**

a. उत्तराखंड b. उत्तर प्रदेश
c. मध्य प्रदेश d. बिहार

**46. नैनीताल झील किस राज्य में अवस्थित है?**

a. उत्तराखंड b. मध्य प्रदेश
c. उत्तर प्रदेश d. असम

**47. निम्न में से मानव निर्मित झील कौन सी है?**

a. वुलर झील
b. लोकतक झील
c. डल झील
d. गोविंद गुरु गोविंद सागर जी

**48. झील मानव के लिए उपयोगी है, क्योंकि -**

a. झील नदी के बहाव को सुचारू बनाते हैं।
b. झील अत्यधिक वर्षा के बहाव को रोकते हैं।
c. झील जल के पारितंत्र को संतुलित रखते हैं।
d. उपर्युक्त सभी।

**49. निम्न में से किस झील द्वारा नमक का निर्माण होता है ?**

a. सांभर झील b. डल झील
d. बुलर झील d. लोकतक झील

**50. नदियों के प्रदूषित होने का कारण है ?**

a. उद्योगों के अपरिष्कृत कचरा नदियों में विसर्जित करना।
b. कृषि में उपयोग होने वाले रासायनिक उर्वरक।
c. मानव द्वारा कचरों का नदियों में बहाया जाना।
d. उपर्युक्त सभी।

**51. राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना का शुभारंभ कब किया गया था?**

a. 1995 b. 1996
c. 1994 d. 1990

**52. नदियों द्वारा विभिन्न अवस्थाओं में निर्मित निक्षेपों में कौन सा नहीं है?**

a. डेल्टा b. विसर्प
c. गोखुर झील d. यू आकार की घाटी

**53. V आकर की घाटी नदी की किस अवस्था में निर्मित होती है?**

a. युवावस्था b. प्रौढ़ अवस्था
c. मध्य अवस्था d. मुहाने पर

**54. दक्षिण भारत की सबसे लंबी नदी कौन सी है?**

a. गोदावरी नदी b. नर्मदा नदी
c. कृष्णा नदी d. कावेरी नदी

**55. कृष्णा नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?**

a. महाबलेश्वर की पहाड़ियां
b. ब्रह्मगिरि की पहाड़ी
c. सतपुड़ा की पहाड़ी
d. इनमें से कोई नहीं।

**56. पृथ्वी की सतह के गर्त वाले भाग, जहाँ जल जमाव होता है उसे कहते हैं -**

a. झील b. नदी
c. हिमनद d. इनमें से कोई नहीं।

**57. गोदावरी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है?**

a. महाबलेश्वर की पहाड़िया b. सतपुड़ा की पहाड़ी
c. पश्चिमी घाट पहाड़ d. इनमें से कोई नहीं।

**58. एक विसर्प बाढ़ वाले क्षेत्र से कट कर ________ निर्माण करती है ।**

a. गोखुर झील b. डेल्टा
c. लैगुन झील d. इनमें से कोई नहीं।

**59. निम्न में से कौन लैगुन झील है ?**

a. चिल्का झील b. पुलिकट झील
c. कोलेरू झील d. उपर्युक्त सभी।

**60. निम्न में से मौसमी झील है-**

a. सांभर झील b. डल झील
c. बुलर झील d. इनमें से कोई नहीं।

**61. नदियाँ निम्न में से कौन सी मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं?**

a. सिंचाई b. नौसंचालन
c. जल विद्युत निर्माण d. उपर्युक्त सभी।

**62. निम्न में से कौन सी नदी उत्तर भारत की नदी नहीं है?**

a. गंगा b. यमुना
c. गंडक d. गोदावरी

63. **शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी द्वारा निर्मित है?**

a. कृष्णा नदी b. कावेरी नदी

c. गोदावरी नदी d. इनमें से कोई नहीं।

64. **भारत का सबसे पुराना जल विद्युत संयंत्र कहाँ अवस्थित है?**

a. केरल b. कर्नाटक

c. तमिलनाडु d. इनमें से कोई नहीं।

65. **पृथ्वी पर उपलब्ध विशाल जलराशि का कितना प्रतिशत स्वच्छ जल के रूप में है ?**

a. 10 प्रतिशत b. 5 प्रतिशत

c. 8 प्रतिशत d. 3 प्रतिशत

66. **पृथ्वी पर कुल उपलब्ध जलराशि का कितना प्रतिशत लवणीय है?**

a. 97% b. 95%

c. 31% d. 90%

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. c | 2. a | 3. c | 4. d |
| 5. d | 6. a | 7. a | 8. c |
| 9. d | 10. a | 11. b | 12. d |
| 13. a | 14. b | 15. b | 16. a |
| 16. a | 17. d | 18. d | 19. b |
| 20. d | 21. c | 22. a | 23. b |
| 24. c | 25. c | 26. a | 27. b |
| 28. b | 29. c | 30. d | 31. d |
| 32. a | 33. b | 34. a | 35. b |
| 36. d | 37. c | 38. b | 39. b |
| 40. d | 41. c | 42. d | 43. a |
| 44. a | 45. a | 46. a | 47. d |
| 48. d | 49. a | 50. d | 51. a |
| 52. d | 53. a | 54. a | 55. a |
| 56. a | 57. c | 58. a | 59. d |
| 60. a | 61. d | 62. d | 63. b |
| 64. b | 65. d | 66. a | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

1. **भारत की नदियों को किन दो मुख्य वर्गों में विभाजित किया गया है?**

**उत्तर-** हिमालय की नदियाँ और प्रायद्वीपीय नदियाँ।

2. **किन नदियों को बारहमासी या सदानीरा नदियाँ कहते हैं?**

**उत्तर-** वैसी नदियाँ बारहमासी हैं जिन्हें पूरा वर्ष बरसात के साथ-साथ उँचे पर्वतों पर मौजूद बर्फ के पिघलने से पानी प्राप्त होता रहता है।

3. **नदियों की अपरदन की गति किस अवस्था में सबसे तीव्र होती है?**

**उत्तर-** युवावस्था या आरंभिक अवस्था में।

4. **किन नदियों को मौसमी नदी कहते हैं?**

**उत्तर-** जिन नदियों में वर्ष पर पानी नहीं रहता है उन्हें मौसमी नदी कहते हैं। इन नदियों में जल वर्ष के किसी विशेष मौसम में ही उपलब्ध होता है।

5. **कौन सी दो नदियाँ अरब सागर में गिरती है?**

**उत्तर-** नर्मदा और ताप्ती।

6. **कौन सी नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती है? नाम बताएं।**

**उत्तर-** नर्मदा नदी और ताप्ती नदी।

7. **भारत की सबसे लंबी नदी कौन है?**

**उत्तर-** गंगा नदी।

8. **दक्षिण भारत की सबसे लंबी नदी का नाम बताएं।**

**उत्तर-** गोदावरी नदी।

9. **भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन सी है?**

**उत्तर-** वुलर झील

10. भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील कौन सी है?

**उत्तर-** सांभर झील।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. **हिमालय से निकलने वाली नदियों की विशेषताएं बताएं।**

**उत्तर-** हिमालय से निकलने वाली नदियों का जल स्रोत

पहाड़ों से पिघलने वाली बर्फ होती है। जिसके कारण यह नदियाँ सालों भर जल से भरी हुई होती है। हिमालय से निकलने वाली नदियाँ गहरी होने के कारण नौकायन करने के लिए उपयुक्त होती है। इन नदियों के किनारे की उपजाऊ मिट्टी कृषिगत कार्यो के लिए बहुत ही अच्छी मानी जाती है। मछली मरने जैसी आर्थिक गतिविधियां इन नदियों में स्थानीय लोगों द्वारा की जाती हैं।

2. **प्रायद्वीपीय नदियों की विशेषताएं बताएं।**

**उत्तर-** अधिकतर प्रायद्वीपीय नदियाँ पश्चिमी घाट से निकलती है। यह नदियाँ मौसमी होती हैं। इनकी लंबाई अपेक्षाकृत कम होती है। इनका धरातल समतल नही होने के कारण यह नदियों का धरातल उबड- खाबड़ होता है। इन नदियों से झरने जैसे जल स्रोत की उत्पत्ति होती है जिसके कारण जल विद्युत उत्पन्न करने के लिए प्रायद्वीप नदियाँ उपयुक्त मानी जाती है।

3. **झीलों की उपयोगिताएं स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर-**
- नदी के प्रवाह को सुचारू बनाने में सहायक ।
- अत्यधिक वर्षा के समय प्रवाह को रोकती हैं।
- आसपास के क्षेत्र के जलवायु को सामान्य बनती है।
- प्राकृतिक सुंदरता व पर्यटन को बढ़ावा।
- जलीय पारितंत्र को संतुलित रखती है।

4. **नदियों का क्या महत्व है?**

**उत्तर-** भारत में अधिकांश जनसंख्या जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। इन परिस्थितियों में नदियाँ आर्थिक रूप से काफी सहायक से होती है। नदियाँ सिंचाई के लिए सबसे उपयुक्त साधन है ।इसके अलावा नदियों के द्वारा नौका संचालन होता है जो की परिवहन के लिए आज भी एक महत्वपूर्ण साधन हैं।नदियाँ जल विद्युत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है साथ ही नदियों के किनारे पर्यटन क्षेत्र भी विकसित किया जा सकते हैं।

5. झीलों की परिभाषा दें एवं मीठे तथा खारे पानी वाली झील के नाम बताएं।

**उत्तर-** पृथ्वी की सतह के गर्त वाले भाग, जहां जल जमा हो जाता है, उसे झील कहते हैं । मीठे पानी की भारत में सबसे बड़ी झील वुलर झील है। भारत में खारे पानी की सबसे बड़ी झील सांभर झील है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. नदियों के बढ़ते प्रदूषण के कारणों की व्याख्या करें।**

**उत्तर-** नदी के जल के घरेलू, औद्योगिक तथा कृषि में बढ़ती मांग के कारण, इसकी गुणवत्ता प्रभावित हुई है। नदियों में उद्योगों का प्रदूषण तथा अपरिष्कृत कचरे के मिल जाने के कारण इसका जल प्रदूषित हो गया है। कृषि में उपयोग होने वाले रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशक दवाइयां वर्षा की पानी के साथ विभिन्न जल स्रोतों में मिल जाती है, जिससे नदियाँ तो प्रदूषित होती ही है, जल की जैव विविधता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जल के अविवेकपूर्ण तरीके से घरेलू उपयोग किए जाने से भी जल में प्रदूषण की मात्रा बढ़ती है सही तरीके से जल का परिष्करण नहीं होने से भी जल के प्रदूषण के स्तर में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जल की प्राकृतिक गुणवत्ता प्रभावित होने के कारण स्वत: स्वच्छिकरण की क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

**2. नदियों की उत्पत्ति तथा अवसान तक के जीवन काल की चर्चा करें।**

**उत्तर-** नदियाँ अपनी उत्पत्ति से लेकर अवसान तक के काल में एक लंबा सफर तय करती है। अपने मार्ग के ऊपरी हिस्से में नदियों की गति बहुत तीव्र होने के कारण अपरदन की क्रिया भी काफी तेजी से होती है। नदियाँ अपने युवावस्था में भारी मात्रा में सिल्ट तथा बालू का संवहन करते हैं। नदियों की मध्य अवस्था आते-आते उनकी गति धीमी होने लगती है। जिसके कारण अपने साथ लाए गए विभिन्न सिल्ट और बालुओं को वह अपने किनारो पर छोड़ती चली जाती हैं। जिसके कारण तथा गोखुर झील और विसर्पो जैसी स्थलाकृतियों का निर्माण होता है। नदियाँ बाढ़ वाले मैदाने में बहुत सारे अन्य निक्षेपण आकृतियों का निर्माण करती है।

अपने मुहाने तक आते-आते नदियों की गति अत्यधिक धीमी हो जाती है जिसके कारण अपने अवसान काल में नदियाँ पूर्ण विकसित डेल्टाओं का निर्माण करती है।

**3. उत्तर तथा दक्षिण भारत की नदियों में अंतर बताएं।**

**उत्तर- उत्तर भारत की नदियाँ —**


- अधिकतर उत्तर भारत की नदियों की उत्पत्ति हिमालय से होती है।
- उत्तर भारत की नदियाँ सदानीरा नदियाँ होती है।
- इनके जल का स्रोत हिमालय के बर्फ पिघलने से होता है।
- हिमालय नदियाँ या उत्तर भारत की नदियाँ अपेक्षाकृत गहरी होती है
- उत्तर भारत की नदियों में नौका चालान सुगम होता है
- उत्तर भारत की नदियाँ समतल मैदाने में बहने के कारण जल विद्युत निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं होती।

**दक्षिण भारत की नदियाँ**

- दक्षिण भारत की नदियों की उत्पत्ति छोटी-छोटी पहाड़ियों से होती है।
- दक्षिण भारत की नदियाँ मौसमी होती है
- दक्षिण भारत की नदियों का स्रोत अधिकतर वर्षा के जल ही होते हैं।
- दक्षिण भारत की नदियाँ अपेक्षाकृत छिछली होती हैं
- दक्षिण भारत की नदियों में नौका चालान सुगम नहीं होता।
- दक्षिण भारत की नदियों का धरातल उबड- खाबड़ होने के कारण जल विद्युत निर्माण के लिए उपयुक्त होती है।

**4. नदी की विभिन्न अवस्थाओं का सचित्र वर्णन करें।**

**उत्तर-**




नदिया अपने लंबे जीवन काल में विभिन्न अवस्थाओं को प्राप्त करते हैं।

नदियाँ अपनी युवावस्था में बहुत ही तीव्र गति से ऊंचाई से नीचे की तरफ आती है, जिसके कारण अपने मार्ग के ऊपरी भाग में तीव्र अपरदन की क्रिया करती है। अपरदन की क्रिया तीव्र होने के कारण भारी मात्रा में सिल्ट, बालू एवं निक्षेपण का संवहन करती है। मध्य एवं निचले भागों में यह नदियाँ विभिन्न स्थलकृतियों का निर्माण करती है। जिनमें विसर्प, गोखुर झील महत्वपूर्ण हैं। अपने जीवन के अंतिम काल में जिसे नदी की प्रौढ़ावस्था कहा जाता है नदियाँ अपने लाए गए निक्षेपों को किनारों पर छोड़ते चली जाती हैं। इन्ही से डेल्टा का निर्माण होता है।

नदियाँ किनारों पर उपजाऊ भूमि का निर्माण करती है जिनसे कृषि कार्यों और उपजों को प्रोत्साहन मिलता है।